पेज 296

**प्रश्न 1:**

ओज़ोन क्या है तथा यह किसी परितंत्र को किस प्रकार प्रभावित करती है?

**उत्तर 1:**

ओज़ोन $O_3$ के अणु ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से बनते हैं जो कि यह एक घातक विष होता है।

वायुमंडल के उच्चतर स्तर पर पराबैंगनी (UV) विकिरण के प्रभाव से ऑक्सीजन अणुओं से ओज़ोन बनती है। उच्च ऊर्जा वाले पराबैंगनी विकिरण ऑक्सीजन अणुओं (O2) को विघटित कर स्वतंत्र ऑक्सीजन (O) परमाणु बनाते हैं। ऑक्सीजन के ये स्वतंत्र परमाणु संयुक्त होकर ओज़ोन बनाते हैं।

$$O_2 \xrightarrow{\text{पराबैंगनी (UV)}} O + O$$

$$O + O_2 \longrightarrow \underbrace{O_3}_{\text{ओज़ोन}}$$

वायुमंडल के ऊपरी स्तर में ओज़ोन एक आवश्यक कार्य संपादित करती है। यह सूर्य से आने वाले पराबैंगनी विकिरणों से पृथ्वी को सुरक्षित रखता है।

**प्रश्न 2:**

आप कचरा निपटारा की समस्या कम करने में क्या योगदान कर सकते हैं? किन्हीं दो तरीकों का वर्णन कीजिए।

**उत्तर 2:**

कचरा निपटारा की समस्या कम करने में हम निम्नलिखित योगदान कर सकते हैं:

- निपटान वस्तुओं के उपयोग को कम करके और पुनर्नवीनीकरण वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देकर।
- जैव निम्नीकरणीय तथा अजैव निम्नीकरणीय अपशिष्ट को अलग करके।
- अजैव निम्नीकरणीय अपशिष्ट सामग्री का पुनर्चक्रण करके।


TIWARI ACADEMY